"Government of Jharkhand"
State Project Management Unit ( ISSNIP)
Directorate of Social Welfare
2nd Floor , ENGINEERING HOSTEL
SECTOR -3, DHURWA , RANCHI,JHARKHAND -834004

Contractual Vacancy Notice

No. 2197 Date 21/10/16

Government of Jharkhand is implementing IDA ( World Bank) Assisted ICDS System Strengthening Nutrition Improvement Project ( ISSNIP) in 12 selected districts of Jharkhand namely West Singhbhum, Lohardaga, Dhanbad, Giridih, Latehar, Garhwa, Palamau, Chatra, koderma, Dumka, Godda and Pakur.All ICDS Projects and the Anganwadi Centres ( AWCs) operational in aforesaid districts are covered under ISSNIP. To support and manage the project implementation, a state project management unit has been set up within the Directorate of Social Welfare. The Directorate seeks to hire a team of consultants with expertise in the specific technical areas to provide technical and management support in the implementation of the project. Summary of the position of consultants are as follows:

| | Sl. No. | Name of Position | Total No. of Position | Consolidated consultancy fee per month |
|---|---|---|---|---|
| At SPMU Level | 1 | Consultant -M & E and Decentralized Planning | 1 | Rs 60000/-per month |
| | 2 | Data Entry Operator | 1 | Rs 15000/per month |
| At Block Level | 3 | Block Coordinator | 19 ( one in each block) | Rs 12000/- per month |
| | 4 | Block Project Assistant | 27 ( one in each block) | Rs.8000/- per month |

For further information about ToRs ( Terms of References), qualifications and required experiences , please log on to http://recruitment.jharkhand.gov.in/.Prospective **candidates need to apply online in the prescribed application form by 15th November 2016** . After submitting online application candidates need to send the hard copy of resume along with online receipt with attested copy of certificate in proof of age, education and experience to Project Director -ISSNIP, Directorate Social Welfare Office, Engineering Hostel, 2nd floor Sector -3 , Dhurwa Ranchi 834004, Jharkhand **by speed post/registered post clearly mentioning the "Post Applied for " by 17th November 2016.Please note that candidate need to apply for only one post and not more than one post. Last date for receiving hard copies at Directorate Social Welfare Office is latest by 17th November 2016 by 5:00 pm**. Only qualified candidate will be called for interview and top listed candidates will be considered for selection. All positions outlined above are purely contractual for the specific period of the project and are being hired on contractual basis as per project guidelines.

21/10/16

Director, Social Welfare cum Project Director ISSNIP

# झारखण्ड सरकार
## समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग

### संकल्प

विषय – अर्न्तराष्ट्रीय विकास संघ (International Development Association) द्वारा संपोषित समेकित बाल विकास सेवाओं का व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण एवं पोषाहार में सुधार परियोजना (ICDS System Strengthening and Nutirition Improvement Project) के संचालन हेतु विभिन्न पदों का सृजन एवं संविदा पर नियुक्ति की स्वीकृति।

अंतराष्ट्रीय विकास संघ द्वारा संपोषित समेकित बाल विकास सेवाओं का व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण एवं पोषाहार में सुधार परियोजना के संचालन हेतु राज्य मंत्रिपरिषद की दिनांक 25–8–2014 की बैठक के मद सं0–10 में लिए गये निर्णय के आलोक में कंडिका–4 में वर्णित पदों के सृजन एवं संविदा पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

समेकित बाल विकास सेवाएं भारत सरकार का एक अतिमहत्त्वपूर्ण एवं फ्लैगशीप कार्यकम है। यह कार्यकम 1975 से देश/राज्य में संचालित है। परन्तु इस कार्यकम के कार्यान्वियन में सुधार की आवश्यकता है। इस उद्देश्य से भारत सरकार ने विश्व बैंक अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ (International Development Association) सम्पोषित समेकित बाल विकास सेवाओं का व्यवस्था सुधार तथा सुदृढ़ीकरण एवं पोषाहार में सुधार परियोजना (ICDS System Strengthening and Nutirition Improvement Project) की स्वीकृति प्रदान की है, जिसकी सूचना भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (Central Project Management Unit) का पत्रांक 2–4/2012 WBP दिनांक 10–1–2013 से प्राप्त हुई है। इस योजना की निम्न विशेषताऐं हैं :–

(क) यह योजना दो चरणों में 7 वर्षों के लिए यथा 26–11–2012 से 31–10–2019 तक प्रभावी होगा।

(ख) जिन क्षेत्रों में अल्प वजन वाले बच्चों की अधिकता है, उन क्षेत्रों में आई0सी0डी0एस0, पोषाहार, पूर्व शाला गतिविधियों में प्रभावी सुधार लाना।

(ग) 3 वर्ष तक के उम्र समूह के बच्चों पर विशेष ध्यान देना, आई0सी0डी0एस0 के सेवाओं को प्रभावी बनाना, सामुदायिक सहभागिता प्राप्त करना।

(घ) संबंधित जिलों में अर्न्तविभागीय तालमेल द्वारा पोषण से संबंधित कार्ययोजना बनाकर उसे प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने में सहयोग देना।

(ङ) आई0सी0डी0एस0 में संस्थागत सुदृढ़ीकरण करना।

(च) परियोजना प्रबंधन में आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करना।

(छ) अनुश्रवण तथा मूल्यांकन व्यवस्था को और मजबूत करना।

(ज) आई0सी0डी0एस0 कर्मियों को प्रभावी क्षमता विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन से समन्वय, राज्य जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर कार्यान्वियन को सुदृढ़ीकरण के लिए सहयोग प्रदान करना आदि।

(2) इस योजना के तहत राज्य के निम्न 12 जिले आच्छादित होंगे :–
कोड़रमा, दुमका, गिरिडीह, पश्चिमी सिंहभूम, धनबाद, चतरा, गढ़वा, गोड्डा, लोहरदगा, लातेहार, पाकुड़ एवं पलामू।

(3) उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में राज्य मंत्रिपरिषद की दिनांक 28–11–2013 की बैठक की मद सं0–03 में लिए गए निर्णयानुसार विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2056 दिनांक 03–12–2013 द्वारा परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है।

(4) इस योजना के कियान्वयन हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देशों के आलोक में निम्नांकित पद सृजित किये जाते हैं। इन पदों में संयुक्त परियोजना निदेशक को छोड़कर शेष पदों पर संविदा पर कर्मिकों की नियुक्ति वित्त विभागीय पत्रांक 4569/वि0 दिनांक 5–7–2002 में निहित प्रावधान के आलोक में की जायेगी, जिसका नियत मासिक वेतन कॉलम–4 के अनुसार होगी एवं वार्षिक वृद्धि वर्ष 2014–15 एवं कॉलम–4 में अंकित राशि को आधार मानकर औसतन 8 प्रतिशत होगी :–

राज्य स्तरीय (राज्य परियोजना प्रबंधन कोषांग)

| क0 | पद का नाम | पदों की संख्या | नियत वेतन (मासिक) | संभावित वार्षिक व्यय (रूपये) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | संयुक्त परियोजना समन्वयक<br>यह पद राज्य प्रशासनिक सेवा का संयुक्त सचिव स्तर के पदाधिकारी से प्रतिनियुक्ति से भरा जायेगा | 1 | PB – IV 37400–67000<br>GP - 8700 | 9,25,000.00 |
| 2 | तकनीकी परामर्शी | | | |
| | (क) – पोषण एवं बाल विकास | 1 | 60,000.00 | 7,20,000.00 |
| | (ख) – समाजिक विकास एवं सामुदायिक सहभागिता | 1 | 60,000.00 | 7,20,000.00 |
| | (ग) – बी0सी0सी0 एवं क्षमता विकास | 1 | 60,000.00 | 7,20,000.00 |
| | (घ) – एम0एंड0ई0 तथा विकेन्द्रीकृत योजना | 1 | 60,000.00 | 7,20,000.00 |
| | (ड़) – वित्तीय प्रबंधन | 1 | 60,000.00 | 7,20,000.00 |
| | (च) – प्रोक्योरमेंट | 1 | 60,000.00 | 7,20,000.00 |
| 3 | प्रोजेक्ट एसोसिएट | 1 | 25,000.00 | 3,00,000.00 |
| 4 | लेखापाल | 1 | 40,000.00 | 4,80,000.00 |
| 5 | साचिविक सहायक | 1 | 15,000.00 | 1,80,000.00 |
| 6 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | 1 | 15,000.00 | 1,80,000.00 |

जिला स्तरीय

| क0 | पद का नाम | पदों की संख्या | नियत वेतन (मासिक) | वार्षिक व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला समन्वयक – प्रत्येक जिला में एक | 12 | 30,000.00 | 43,20,000.00 |
| 2 | जिला परियोजना सहायक–प्रत्येक जिला में एक | 12 | 15,000.00 | 21,60,000.00 |

प्रखण्ड स्तरीय

| क0 | पद का नाम | पदों की संख्या | नियत वेतन (मासिक) | वार्षिक व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्रखण्ड समन्वयक–प्रत्येक परियोजना में एक | 101 | 12,000.00 | 1,45,44,000.00 |
| 2 | प्रखण्ड परियोजना सहायक–प्रत्येक परियोजना में एक | 101 | 8,000.00 | 96,96,000.00 |
| | कुल | 237 | 5,57,400.00 | 3,71,05,000.00 |

(5) इन पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हता एवं चयन की प्रकिया निम्नवत् होगी :–

(राज्य स्तरीय पद)

1. संयुक्त परियोजना समन्वयक – इन पदों पर राज्य प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव स्तर के पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति के आधार पर पदस्थापित किया जायेगा।

## तकनीकी परामर्शी

(क) तकनीकी परामर्शी (पोषण एवं बाल विकास) — अर्हताएं

1. पोषण/जनस्वास्थ्य या इससे संबंधित क्षेत्र में सामुदायिक पोषण एवं जनस्वास्थ्य शमिल हो में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।
2. कम से कम पॉच वर्ष का आई0सी0डी0एस0/पोषण कार्य का राज्य/जिला स्तर पर योजना तैयार करने, अनुश्रवण करने का अनुभव और उन क्षेत्रों में कोई Inovation करने का कार्य किया हो/पी0एच0डी0 डिग्री धारकों को 2 वर्ष का Doctoral time को अनुभव माना जायेगा।
3. राज्य को पोषण के मुख्य मुद्दे का (तकनीकी एवं योजनात्मक) व्यापक ज्ञान आवश्यक होगा।
4. सरकारी विभागों/परियोजनाओं के साथ कार्य करने का अनुभव।
5. तकनीकी, प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण कार्य करने का व्यवहारिक ज्ञान।
6. इण्टरमीडियट स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी विषय रहा हो एवं उसमें उत्तीर्ण हो।
7. कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 का प्रमाण पत्र।

वांछनीय :— आई0सी0डी0एस0 तथा पोषण का अनुश्रवण तथा मूल्यांकन का ज्ञान/पोषण संबंधी अच्छे कार्यों (Good Practice) का अभिलेखीकरण के कार्य करने का अनुभव।

न्यूनतम उम्र 23 वर्ष एवं अधिकतम उम्र — 45 वर्ष

(ख) तकनीकी परामर्शी (बी0सी0सी0 एवं क्षमता विकास) — अर्हताएं

1. Health Communication/Social Sciences/ ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।
2. कम से कम 5 वर्ष का जनस्वास्थ्य/पोषण कार्यक्रम का योजना निर्माण तथा कार्यान्वियन का अनुभव जो व्यवहार परिवर्तन, प्रशिक्षण आदि पर केन्द्रित हो। (पी0एच0डी0 आवेदकों को 2 वर्ष का Doctoral अवधि अनुभव में गणना की जायेगी)।
3. राज्य स्तर पर सरकारी विभागों/परियोजनाओं के साथ कार्य करने का अनुभव।
4. विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन करने का व्यवहारिक अनुभव।
5. तकनीकी, प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण कार्य का व्यवहारिक ज्ञान।
6. अंग्रेजी में मौखिक तथा लिखित संवाद का उत्तम ज्ञान तथा इण्टरमीडियट स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी विषय रहा हो एवं उसमें उत्तीर्ण हो।
7. कम्प्यूटर डी0सी0ए0 का प्रमाण पत्र।
8. वांछनीय — BCC/CB संबंधित अच्छे कार्यों का अभिलेखीकरण की जानकारी , टीम में कार्य करने की क्षमता तथा वृहद क्षेत्र भ्रमण की योग्यता।

न्यूनतम उम्र 23 वर्ष एवं अधिकतम उम्र — 45 वर्ष

(ग) परामर्शी (वित्तीय प्रबंधन) — अहर्ताएं

1. राज्य वित्त सेवा/कोषागार सेवा/अंकेक्षण सेवा /महालेखाकार कार्यालय के अवकाश प्राप्त पदाधिकारी, जिन्हें बजट, अंकेक्षण एवं कोषागार कार्य का अनुभव हो।
2. राज्य के उन्हें बजट/कोषागार तथा वित्तीय नियमों की जानकारी हो।
3. कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 का प्रमाण पत्र।

अधिकतम उम्र सीमा — 65 वर्ष

(घ) परामर्शी (प्रोक्योरमेंट) — अहर्ताएं

1. अभियंत्रण/विज्ञान/लेखा में स्नातकोत्तर डिग्री तथा साथ में प्रोक्योरमेन्ट एवं Supply chain managment का प्रशिक्षण।
2. राज्य/निजी क्षेत्र/अंन्तर्राष्ट्रीय संगठन में कम से कम 3 वर्ष का प्रोक्योरमेंट Planning तथा प्रबंधन की अनुभव।
3. प्रशासकीय कार्यों तथा राज्य सरकार के नियमों प्रक्रियाओं का पूर्ण ज्ञान एवं अनुभव।
4. विश्व बैंक से संबंधित प्रोक्योरमेन्ट मार्गदर्शिका की पूर्ण जानकारी।
5. कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 का प्रमाण पत्र।

इंटरमिडिएट स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी एक विषय रहा हो एवं उसमें उत्तीर्ण हो।
न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 45 वर्ष

ङ.) परामर्शी (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन एवं विकेन्द्रीकृत योजना) – अहर्ताएं

सांख्यिकी / अर्थशास्त्र / डिमोग्राफी / अर्थोपोलोजी / विकास योजना / समाज सेवा में स्नातकोत्तर डिग्री।
जन स्वास्थ्य / पोषण या Social Sector का किसी वृहद योजना का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण का पाँच वर्षों का अनुभव (पी0एच0डी0 आवेदकों का 2 वर्ष का Doctoral अवधि का गणना अनुभव के रूप में किया जायेगा)।
अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पद्धति एवं तकनीक का वृहद जानकारी के साथ में Operation Research, Household Survey तथा Qualitative Assasement का ज्ञान।
MIS Tools विकसित करने तथा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रशिक्षण आयोजित करने का अनुभव।
सरकारी क्षेत्र / Development Partners के साथ अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्य करने, विकेन्द्रीकृत योजना का कार्य करने का अनुभव अतिरिक्त योग्यता समझी जायेगी।
इंटरमिडिएट स्तर पर अंग्रेजी एक विषय रहा हो एवं उसमें उत्तीर्ण हो।
कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र।
न्यूनतम उम्र 23 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 45 वर्ष

) तकनीकि परामर्शी (समाजिक विकास एवं सामुदायिक सहभागिता) – अहर्ताएं

समाज शास्त्र / समाजिक कार्य / Anthropology में स्नातकोत्तर डिग्री
जन स्वास्थ्य / पोषण कार्यक्रम के कार्यान्वियन का कम से कम 5 वर्षो का अनुभव विशेषकर सामुदायिक Moblization, Civil Socity की सहभागिता, समाजिक सहभागिता का कार्य करने का अनुभव / (पी0एच0डी0 आवेदकों का 2 वर्ष का Doctoral अवधि का गणना अनुभव के रूप में किया जायेगा)।
अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पद्धति एवं तकनीक का वृहद जानकारी के साथ में Operation Research, Household Survey तथा Qualitative Assasement का ज्ञान।
MIS Tools विकसित करने तथा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रशिक्षण आयोजित करने का अनुभव।
सरकारी क्षेत्र / Development Partners के साथ अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्य करने, विकेन्द्रीकृत योजना का कार्य करने का अनुभव अतिरिक्त योग्यता समझी जायेगी।
इंटरमिडिएट स्तर पर अंग्रेजी एक विषय रहा हो एवं उसमें उत्तीर्ण हो।
कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र।
न्यूनतम उम्र 23 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 45 वर्ष

) प्रोजेक्ट एसोसिएट – अहर्ताएं

आवश्यक अहर्ता – प्रबंधन / समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा तथा उस क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष कार्य करने का अनुभव / स्नातक होने की स्थिति में कम से कम 4 वर्ष का उक्त क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव।
वांछनीय – Social Sector के कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा, पेयजल आदि से संबंधित कार्यों की जानकारी।
कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 का प्रमाण पत्र।
इंटरमिडिएट स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी एक विषय रहा हो एवं उसमें उत्तीर्ण हो।
न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 40 वर्ष

लेखापाल – अहर्ताएं

वाणिज्य / लेखा में स्नातकोत्तर डिग्री या CA / ICWA (Intermediate level) उत्तीर्ण।
राज्य / निजी क्षेत्र / अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में लेखा कार्य, बजट कार्य, कोषागार नियंत्रण कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।
प्रशासनिक पद्धति तथा सरकारी प्रकियाओं का ज्ञान।
कम्प्यूटर का डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र।
इंटिरमिडिएट स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी एक विषय रहा हो एवं उसमें उत्तीण हो।

न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 40 वर्ष

(झ) साचिविक सहायक – अहर्ताएं

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक की डिग्री।
2. कम्प्यूटर का डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र।
3. इंटिरमिडिएट स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी एक विषय रहा हो एवं उसमें उत्तीण हो।

न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 40 वर्ष

(ञ) डाटा इन्ट्री ऑपरेटर – अहर्ताएं

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक की डिग्री।
2. कम्प्यूटर ऑपरेट को कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एवं Ms office की जानकारी।

न्यूनतम उम्र 23 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 40 वर्ष

## (जिला स्तरीय पद)

(क) जिला समन्वयक – अहर्ताएं

1. आवश्यक – प्रबंधन/समाजिक शास्त्र/जन स्वास्थ्य/पोषण में स्नातकोत्तर डिग्री तथा उक्त क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष कार्य करने का अनुभव।
2. वांछनीय – Social Sector कार्यक्रम के अन्तर्गत पोषण, जन स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता के कार्यक्रम का समझ वांछनीय योग्यता होगी।
3. इंटरमिडिएट स्तर पर अंग्रेजी एक विषय रहा हो तथा उसमें उत्तीर्ण हो।

न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 40 वर्ष

(ख) परियोजना सहायक (जिला) – अहर्ताएं

1. प्रबंधन/समाज शास्त्र /पोषण में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा से विकास क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव/स्नातक होने की स्थिति में 4 वर्ष का अनुभव।
2. किसी स्वयंसेवी संस्था/सरकारी विभाग में कार्य करने का अनुभव वाले को अतिरिक्त Advantage दिया जायेगा।
3. इंटरमिडिएट स्तर पर अंग्रेजी एक विषय रहा हो तथा उसमें उत्तीर्ण हो।
4. स्थानीय भाषाओं में संवाद करने की क्षमता वांछनीय योग्यता होगी।
5. कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र।

न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 40 वर्ष

## (प्रखण्ड स्तरीय पद)

(क) प्रखण्ड समन्वयक – अहर्ताएं

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से समाजशास्त्र/पोषण/गृह विज्ञान में स्नातक की डिग्री तथा किसी संस्था/स्वयंसेवी संस्था के विशेषकर Development Sector में कम से कम 2 वर्ष कार्य करने का अनुभव।
2. समुदाय/स्थानीय निकाय (पंचायत) के तृणमूल स्तर पर कार्य का अनुभव अतिरिक्त योग्यता।
3. स्थानीय भाषाओं में संवाद स्थापित करने का ज्ञान वंछनीय योग्यता होगी।
4. इंटरमिडिएट स्तर पर अंग्रेजी एक विषय रहा हो तथा उसमें उत्तीर्ण हो।
5. कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र।

न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 40 वर्ष

(ख) प्रखण्ड परियोजना सहायक – अहर्ताएं

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से समाजशास्त्र/पोषण/गृह विज्ञान में स्नातक की डिग्री।
2. समुदाय/स्थानीय निकाय (पंचायत) के तृणमूल स्तर पर कार्य का अनुभव अतिरिक्त Advantage दिया जायेगा।।
3. स्थानीय भाषाओं में संवाद स्थापित करने का ज्ञान वांछनीय योग्यता होगी।
4. इंटरमिडिएट स्तर पर अंग्रेजी एक विषय रहा हो तथा उसमें उत्तीर्ण हो।
5. कम्प्यूटर में डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र।

न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र – 40 वर्ष

(6) इस योजना के तहत संविदा/प्रतिनियुक्ति पर सृजित उक्त पदों पर संभावित वार्षिक व्यय 3,71,05,000.00 (तीन करोड़ एकहत्तर लाख पाँच हजार) रूपये होगा।

(7) इस योजना में भारत सरकार 90 प्रतिशत राशि उपलब्ध करायेगी और 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी।

(8) प्रशासी पदवर्ग समिति की दिनांक 06-05-2014 की बैठक में संलेख की कंडिका-4 में अंकित पदों का सृजन करने की अनुशंसा की गई है एवं प्रशासी पदवर्ग की अनुशंसा के आलोक में निम्न बिन्दुओं पर कार्रवाई की जायेगी :-

- (i) सृजित पद एवं उन पर नियुक्ति मात्र परियोजना अवधि तथा IDA Funding अवधि तक के लिए होगी।
- (ii) राजकोष पर अतिरिक्त व्यय परियोजना के मानकों के अतिरिक्त नहीं होगा।
- (iii) परियोजना अवधि/अनुदान राशि समाप्त होते ही, सभी पद स्वतः समाप्त हो जायेंगे।
- (iv) सभी चयन पत्रों/ नियुक्ति पत्रों में उपर्युक्त तथ्य अंकित रहेंगे तथा परियोजना के पदाधिकारी को उपर वर्णित तथ्यों से अवगत कराया जायेगा एवं स्पष्ट शपथ-पत्र संबंधित से प्राप्त किया जायेगा।
- (v) सभी की scan copy रक्षी संचिका/ online रखी जायेगी।
- (vi) कोई Financial liability/Litigation के लिए प्रशासी विभाग तथा संबंधित पदाधिकारी दोषी होंगे।

आदेश : **आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प के राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराया जाये तथा इसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड, राँची/सरकार के सभी विभागों/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्तों को भेजी जाय।**

28.8.14

( राजीव अरूण एक्का )
सरकार के सचिव

ज्ञापांक : स0क0-यो0 (ISSNIP) 95/2013 – 1696 राँची, दिनांक 01.09.14

प्रतिलिपि– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को झारखण्ड राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि राजपत्र की 300 मुद्रित प्रतियाँ इस विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

28.8.14

( राजीव अरूण एक्का )
सरकार के सचिव

ज्ञापांक : स0क0-यो0 (ISSNIP) 95/2013 – 1696 राँची, दिनांक 01.09.14

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, झारखण्ड/ महालेखाकार, झारखण्ड, राँची/सभी प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/निदेशक, समाज कल्याण/सभी उपायुक्त/सभी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी/माननीया विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.8.14

( राजीव अरूण एक्का )
सरकार के सचिव